## लोक सुनवाई का वृत।

**मेसर्स रंजन एंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड, प्रो0– श्री संजय कुमार, पिता–श्री किशुन चन्द्र सिंह, महात्मा गांधी नगर, कांटी फैक्ट्री रोड नियर बुद्ध डेन्टल कॉलेज, कंकड़बाग, पटना द्वारा पटना सोन–02 बालू घाट, मौजा–मुहम्मदपुर, अंचल–पालीगंज, जिला–पटना के अन्तर्गत परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय स्वीकृति के वास्ते पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना सं0–एस.ओ.1533, दिनांक 14 सितम्बर, 2006 के तहत् दिनांक 12.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे पटना जिला के अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला–पटना में लोक सुनवाई की गयी।**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार अधिसूचना सं0–एस.ओ. 1533, दिनांक 14 सिम्बर 2006 एवं यथा संशोधित के तहत् राज्य स्तरीय पर्यावरणीय समाघात निर्धारण प्राधिकरण, बिहार के द्वारा निर्गत TOR File.No.SIA/1(a)/2400/2023, dated 20.05.2023 के आलोक में श्री अमिताभ सिन्हा, अपर जिला दण्डाधिकारी, पटना (जिला पदाधिकारी, पटना के प्रतिनिधि) की अध्यक्षता में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, द्वारा दिनांक 12.08.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अंचल कार्यालय, पालीगंज, जिला–पटना में लोक–सुनवाई आयोजित की गयी। उपस्थिति पंजी संलग्न **(अनुलग्नक–1)**

इस लोक–सुनवाई की सूचना बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा दैनिक समाचार पत्रों यथा हिन्दुस्तान के माध्यम से दिनांक 11.07.2023 को प्रकाशित की गयी थी **(प्रतिलिपि संलग्न)**। लोक–सुनवाई के दौरान श्री आशीष कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय पदाधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना द्वारा लोक–सुनवाई में उपस्थित जन–समुदाय एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना सं0–एस.ओ. 1533, दिनांक 14 सितम्बर 2006 एवं यथा संशोधित के तहत् इकाई के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक–सुनवाई की पृष्ठ–भूमि पर प्रकाश डाला गया। लोक हित में कार्य योजना से संबंधित सुनवाई के उद्‌देश्य से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही स्थानीय लोगों से पर्यावरण संरक्षण एवं लोक हित के संबंध में सुझाव/विचार/मंतव्य माँगा गया।

लोक सुनवाई कार्यक्रम के अध्यक्ष के अनुमति से परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार श्री नीतीश कुमार ने इकाई की खनन कार्य परियोजना, प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं कॉरपोरेट पर्यावरण जिम्मेदारी (Corporate Environmental Responsibility) आदि के संबंध में आमजनों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। इनके द्वारा सूचित किया गया कि खनन कार्य के उपरान्त परिवहन के दौरान उत्सर्जित होने वाले धूल–कण की रोक–थाम हेतु सड़को पर नियमति रूप से जल छिड़काव किया जायेगा । वाहनों पर ओवरलोडिंग नही की जायेगी। वाहनों को तिरपाल से ढ़क कर ले जाया जायेगा। खनन कार्य सतह से 3 मीटर की गहराई तक या भू–जल स्तर से ऊपर तक किया जायेगा। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु ध्वनि यंत्र (हार्न) का न्यूनतम उपयोग किया जायेगा। पुराने एवं खराब वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। सड़क के किनारे एवं खनन पट्टा क्षेत्र में वृक्षारोपण (490 नं0)का कार्य किया जायेगा। बालू खनन के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के Sutainable Sand Mining Management

Guidelines 2016 (SSMG-2016) एवं Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining-2020 (EMGSM-2020) के प्रावधानों का अनुपालन किया जायेगा।

परियोजना प्रस्तुततिकरण के पश्चात् उपस्थित महानुभावों द्वारा दिए गए सुझाव/मंतव्य निम्नवतः हैः–

| क्रमांक | नाम एवं पता | प्रतिक्रिया/सुझाव |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोनू कुमार, ग्राम–मुहम्मदपुर, जिला–पटना। | इनके द्वारा बताया गया कि बालू खनन परियोजना के दौरान बालू घाट से लेकर मुख्य सड़क तक वाहन परिवहन के दौरान सड़क को क्षति पहूँचती है तो उसका मरमम्त का काम कौन करेंगा।<br>पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा बताया गया कि बालू घाट से लेकर मुख्य मार्ग तक सड़क का मरम्मत संवेदक द्वारा किया जायेगा। |
| 2. | श्री गौरी सिन्हा, ग्राम–मुहम्मदपुर, जिला–पटना। | इनके द्वारा सुझाव दिया गया कि बालू खनन परियोजना के दौरान परिवहन से बहुत डस्ट उड़ता है।<br>पर्यावरणीय सलाहकार बताया गया कि सड़क पर पानी का छिड़काव दिन में 3 बार किया जायेगा। सड़क का मरम्मत भी समय–समय पर किया जायेगा। बालू से लदा गाड़ी तिरपाल से ढ़ककर ले जाया जायेगा। ओभर लोडिंग नहीं किया जायेगा।<br>इनके द्वारा बताया गया कि पेड़ 490 पेड़ लगाये जायेंगे। अगर आम जनता अपना रैयत जमीन पर पेड़ लगाने के इच्छुक रहेंगे तो उनको निःशुल्क पेड़ उपलब्ध कराये जायेंगे। |
| 3. | श्री सनोज कुमार, ग्राम–मुहम्मदपुर, जिला–पटना। | इनके द्वारा पूछा गया कि इस खनन परियोजना के तहत् वृक्षारोपण कौन करेगा एवं इनका रख–रखाव किनके द्वारा किया जायेगा।<br>इस संबंध में पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा बताया गया कि खनन परियोजना शुरू होते ही लगभग 490 पेड़ लगाये जायेंगे। इन पेड़ो की सुरझा एवं रख–रखाव परियोजना संचालक द्वारा किये जायेंगे। पेड़ हॉल रोड, गाँव के आस–पास इत्यादि जगह पर लगाये जायेंगे। पेड़ के रख–रखाव हेतु स्थानीय लोगों को ही माली के रूप में रखा जायेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | श्री मिथिलेश कुमार, ग्राम–मुहम्मदपुर, जिला–पटना। | इनके द्वारा पूछा गया कि खनन परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा या नहीं। पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा बताया गया कि प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोग को रोजगार प्रदान किया जायेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा। |
| 5. | श्री उदय कुमार, ग्राम–मुहम्मदपुर, जिला–पटना। | इनके द्वारा सुझाव दिया गया कि बालू खनन परियोजना के श्रमिकों के लिए शेड एवं पीने के पानी का समुचित व्यवस्था होना चाहिए। साथ–ही–साथ पेड़–पौधा लगाने एवं रख–रखाव हेतु स्थानीय माली (2नं0) को रखा जाय। |

अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बालू का उपयोग निर्माण कार्य में किया जाता है एवं राज्य का विकास होता है। विकास के साथ पर्यावरण पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि वाहनों से बालू ले जाने के क्रम में नियमित रूप से परिवहन मार्ग पर जल छिड़काव करेगें एवं बालू से लदे वाहनों को तिरपाल से ढ़क कर ही ले जायेगें। बालू की खुदाई 3 मीटर ही करेगें। उन्होने उम्मीद जताया कि इकाई प्रबंधन द्वारा इन उपरोक्त बिन्दुओं पर गम्भीरता से ध्यान रखा जायेगा। साथ ही वैज्ञानिक तरीके से बालू खनन का कार्य एवं विभागीय निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।

पौधों का रख–रखाव स्थानीय ग्रामीण के द्वारा ही सुनिश्चित कराया जाय।

उनके द्वारा बताया गया कि अगर काम प्रारंभ होगा तो सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। स्थानीये लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। गाँव की अर्थ–व्यवस्था में एवं प्रभावित क्षेत्र का विकास में तेजी आयेगी।

जन–सुनवाई के अंत में उपस्थित जनता के सुझाव को संग्रहित करते हुए सक्षम प्राधिकार को अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् लोक सुनवाई सधन्यवाद समाप्त करने की घोषणा की गयी।

21.8.23

क्षेत्रीय पदाधिकारी
बि.रा.प्र.नि.पर्षद्,पटना

अपर जिला दण्डाधिकारी,
पटना

# उपस्थिति सूचि

मेसर्स रंजन एंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड, प्रो0–श्री संजय कुमार, द्वारा पटना सोन –02 बालू घाट, मौजा–मुहम्मदपुर, अंचल–पालीगंज, जिला–पटना में आयोजित लोक–सुनवाई के दौरान उपस्थित व्यक्तियों की सूचीः

स्थान–अंचल कार्यालय, पालीगंज  दिनांक 12.08.2023  समय–11:00 A.M.

| क्र.सं. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | अमिताभ सिंह | अपर जिला दण्डाधिकारी, पटना | 12/8/23 |
| 2. | आशीष कुमार गुप्ता | क्षे० पदा० बि. रा. प्र. नि. पर्षद, पटना | आ 12-8-23 |
| 3. | सैयद फरहीन | जिला खनन कार्यालय, पटना | Farheen 12-08-23 |
| 4. | Nitish Kumar | PAM Solution, Noida. (Env. Consultant) | Nitish Kr |
| 5. | Brijkishor mishra | " | Brijkishor mishra 12/08/23 |
| 6. | | | |
| 7. | Sandip Kumar Yadav | गाँ ब्यौनगर पटना | |
| 8. | सुनील यादव | ग्राम. महम्मदपुर पालीगंज पटना | SY 12/08/2023 |
| 9. | इकबाल प्र० यादव | ग्राम महम्मदपुर पटना | इकबाल प्र० यादव |
| 10 | टिंकू कुमार | ग्राम महमदपुर पटना | Tinku Km |
| 11 | रितेश कुमार | ग्राम महमदपुर पटना | Ritesh Kr |
| 12 | राज बाबू सिंह | ग्राम महम्मदपुर | |
| 13 | दिनेश सिंह | ग्राम महम्मुदपुर | Dinesh Singh |
| 14 | मन्टू कुमार | ग्राम महम्मदपुर | |
| 15 | रामकिशोर कुमार | ग्राम - महम्मदपुर | Ramkishor Km |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | सुधीर कुमार | ग्राम महम्मदपुर | Sudhir |
| 17 | कमेश्वर सिंह | ग्राम महम्मदपुर | [illegible] |
| 18 | पिन्टू कुमार | ग्राम महम्मदपुर | Pintu Kumar |
| 19 | मनीष कुमार | ग्राम महम्मदपुर | Manish Kum |
| 20 | लाल मोहन कुमार | ग्राम महम्मदपुर | Lalmohan kumar |
| 21 | सरोज कुमार | ग्राम महम्मदपुर | Saroj kumar |
| 22 | मनु कुमार | महम्मदपुर | Manu Kumar |
| 23 | Kunal Kum | Mohan Pur | K Kum |
| 24 | Nikhil Kum | Mahammadpur | Nikhil Kumar |
| 25 | HariShankar Kumar | Mahammadpur | HariShankar Kr. |
| 26 | Ramun Kr. | Mahammadpur | Ramun kr. |
| 27 | Ritesh Kum | Mahamadpur | Ritesh Kum |
| 28 | Prince Kumar | Mahammadpur | Prince Kumar |
| 29 | Chandan Kumar | Mahammadpur | Chandan Kumar |
| 30 | विकाश कुमार | महम्मदपुर | विकाश कुमार |
| 31 | Ramjeet Kum | महम्मदपुर | Ramjeet Kum |
| 32 | शैलेश कुमार | महम्मदपुर | शैलेश कुमार |
| 33 | Chandan-Kum | महम्मदपुर | Chandan-Kum |
| 34 | [illegible] | महम्मदपुर | [illegible] |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | उदय कुमार | महमदपुर | udey kumar |
| 36 | Amarnath kumar | महमदपुर | Amarnath kumar |
| 37 | अशोक कुमार | महमदपुर | Ashok kumar |
| 38 | इंजीत कुमार | मेहदीया इंग्लिश | इंजीत कुमार |
| 39 | जितेन्द्र कुमार | महमदपुर | जितेन्द्र कुमार |
| 40 | नवीन कुमार | महमदपुर | नवीन कुमार |
| 41 | संजय कुमार | महमदपुर | संजय कुमार |
| 42 | अजीत कुमार | महमदपुर | अजीत कुमार |
| 43 | मिथिलेश कुमार | महमदपुर | मिथिलेश कुमार |
| 44 | शाकित कुमार | महमदपुर | शाकित कुमार |
| 45 | रामाकान्त शर्मा | महमदपुर | |
| 46 | गनौरि सिंह<br>भोला पासी | महमदपुर<br>पापप | |
| 47 | ~~[illegible]~~ | | |
| 48 | महेन्द्र यादव | पाली | संतोष सिंह |
| 49 | संतोष सिंह | महमदपुर | |
| 50 | | | |
| 51 | | | |
| 52 | | | |
| 53 | | | |